## 1. पद अनुसार लक्ष्य, कार्य दायित्व, अधिकार, कर्तव्य एवं आपके लाभ :-

| क्र.स. | पदनाम | लक्ष्य एवं कार्य दायित्व, अधिकार, कर्तव्य एवं आपके लाभ |
|---|---|---|
| 1. | पशुधन फार्म निवेश अधिकारी | **लक्ष्य एवं कार्य दायित्व**<br>➢ जिले में ब्लॉक स्तर पर "राष्ट्रीय पशुधन निवेश एवं संवर्धन योजना" के अंतर्गत 60 मुर्रा नस्ल की भैसों अथवा गिर नस्ल की गायों का डेयरी फार्म स्थापित करवाना \| यह डेयरी फार्म आपको भैंस पालन/ गोपालन व्यवसाय में निवेश के इच्छुक व्यक्तियों की निवेश व वित्तीय सहायता के माध्यम से करवाना है \|<br>➢ यह डेयरी फार्म स्थापित करने के लिये आपको नियुक्ति की दिनांक से एक माह का समय दिया जायेगा \|<br>➢ डेयरी फार्म स्थापित करने के पश्चात् आपका लक्ष्य प्रत्येक माह स्थापित किये गये डेयरी फार्म से प्राप्त 36000 लीटर दूध का विक्रय करना है<br>**अधिकार**<br>➢ पशुधन फार्म निवेश अधिकारी के अधीन 4 पशुधन फार्म निवेश सहायक होंगे \|<br>➢ पशुधन फार्म निवेश अधिकारी के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ पशुधन फार्म निवेश सहायक नियुक्त किये जा सकेंगे \|<br>**कर्तव्य**<br>➢ क्षेत्र में पशुधन फार्म निवेश सहायक नहीं होने की स्थिति में सम्पूर्ण लक्ष्य पशुधन फार्म निवेश अधिकारी द्वारा पूरा किया जाएगा \|<br>➢ सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देना एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना \|<br>➢ क्षेत्र में दिये गये लक्ष्यानुरूप कार्य हो ये सुनिश्चित करना \|<br>➢ समस्त प्रकार के खर्चो पर नियंत्रण करना \|<br>➢ निगम को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना \|<br>➢ अन्य आदेशित कार्य आवश्यक रूप से करना \|<br><br>**आपके लाभ :-**<br>➢ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 38,200/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी \|<br>➢ मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर 2000/- रु. वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा \| लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा \| |
| 2. | पशुधन फार्म निवेश सहायक | **लक्ष्य एवं कार्य दायित्व**<br>➢ जिले में ब्लॉक स्तर पर "राष्ट्रीय पशुधन निवेश एवं संवर्धन योजना" के अंतर्गत 15 मुर्रा नस्ल की भैसों अथवा गिर नस्ल की गायों का डेयरी फार्म स्थापित करवाना \| यह डेयरी फार्म आपको आपके अधीन ग्राम पंचायतों में भैंस पालन/ गोपालन व्यवसाय में निवेश के इच्छुक व्यक्तियों की निवेश व वित्तीय सहायता के माध्यम से करवाना है \|<br>➢ यह डेयरी फार्म स्थापित करने के लिये आपको नियुक्ति की दिनांक से एक माह का समय दिया जायेगा \|<br>➢ डेयरी फार्म स्थापित करने के पश्चात् आपका लक्ष्य प्रत्येक माह स्थापित किये गये डेयरी फार्म से प्राप्त 9000 लीटर दूध का विक्रय करना है |

| | | |
|---|---|---|
| | | **<u>कर्तव्य</u>**<br>➢ पशुधन फार्म निवेश अधिकारी के अधीन निर्देशों की पालना करना ।<br>➢ निगम/ पशुधन फार्म निवेश अधिकारी को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना ।<br><br>**<u>आपके लाभ :-</u>**<br>➢ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 30,500/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी ।<br>➢ मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर 3000/- रु. वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा । लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा । |
| 3. | पशुधन फार्म संचालन सहायक | **<u>लक्ष्य एवं कार्य दायित्व</u>**<br>➢ डेयरी फार्म के समस्त संचालन व प्रबंधन का कार्य करना ।<br>➢ डेयरी फार्म स्थापित करवाने में पशुधन फार्म निवेश अधिकारी व पशुधन फार्म निवेश सहायक की सहायता करना व प्रत्येक माह अपने स्तर पर दो मुर्रा भैस अथवा गिर गाय फार्म में निवेश के इच्छुक व्यक्ति की वित्तीय सहायता से स्थापित डेयरी फार्म में लाना ।<br>➢ स्थापित डेयरी फार्म में दूध विक्रय की समुचित व्यवस्था को संभालना ।<br>➢ डेयरी फार्म में गाय व भैंस से प्राप्त गोबर का विक्रय करना ।<br><br>**<u>कर्तव्य</u>**<br>➢ पशुधन फार्म निवेश अधिकारी व निगम के अधीन निर्देशों की पालना करना ।<br>➢ निगम को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना ।<br><br>**<u>आपके लाभ :-</u>**<br>➢ लक्ष्यानुसार आपका मासिक वेतन 20,000/- रु. देय होगा एवं प्रतिवर्ष मासिक वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी ।<br>➢ मासिक लक्ष्य की प्राप्ति पर 2000/- रु. वाहन भत्ता निगम द्वारा अलग से देय होगा । लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर यह भत्ता देय नहीं होगा । |

**<u>विशेष</u> :-** किसी भी कर्मचारी को किसी भी तरह का विज्ञापन, प्रचार - प्रसार सामग्री एवं अन्य स्टेशनरी का खर्चा निगम की अनुमति के बिना देय नहीं होगा। अतः उपरोक्त पर किसी भी तरह का खर्चा करने से पूर्व निगम से लिखित अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है । बिना अनुमति के किये गये व्यय की जिम्मेदारी स्वयं कर्मचारी की होगी ।

**<u>विशेष</u> :-**

1. लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर किया जाएगा।
2. अंतिम रूप से चयनित सभी आवेदकों को निगम द्वारा **2.5 लाख रु.** का दुर्घटना बीमा निःशुल्क किया जायेगा ।

## घोषणा पत्र

मैं जानता हूँ कि उक्त आवेदन शुल्क वापसी देय नहीं है |

मैं उपरोक्त आवेदक घोषणा करता / करती हूँ कि चाहे गये मापदण्डानुसार आयु पूर्ण करता / करती हूँ एवं मेरी किसी भी प्रकार की आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है |

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि उपरोक्त श्रेणी जिस हेतु मैंने आवेदन किया है की आवश्यक जानकारी , नियम शर्ते मेरे द्वारा भलीभांति पढ़ एवं समझ ली गई है |

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि उपरोक्त वर्णित मेरे द्वारा दी गई जानकारी सही एवं सत्य है | मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है |

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि यह मैंने स्वयं की इच्छा से उपरोक्त वर्णित सभी जानकारी स्वीकार एवं हस्ताक्षरित की है | यह मैंने किसी बाहरी दबाव में, जबरदस्ती से या बहकावे में आकर नहीं किया है | समस्त प्रकार के कानूनी विवादों के सम्बन्ध में न्याय क्षेत्र उत्तर, क्षेत्रिय कार्यालय जयपुर (राजस्थान) ही होगा |

दिनांक :- आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

स्थान :-

## 2. पद का नाम/ पद संख्या/ पारिश्रमिक :-

| क्र.स. | पदनाम | पद संख्या | मासिक वेतन (रुपयों में)☆ |
|---|---|---|---|
| 1. | पशुधन फार्म निवेश अधिकारी | 362 | 38,200/- |
| 2. | पशुधन फार्म निवेश सहायक | 1428 | 30,500/- |
| 3. | पशुधन फार्म संचालन सहायक | 362 | 20,000/- |

आवेदक विज्ञापित एक से अधिक पदों के लिए अलग - अलग आवेदन प्रस्तुत करे, रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है |

☆उपर्युक्त मासिक वेतन / लाभ आपके कुल लक्ष्य के अनुसार आंकलित किया गया है | लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर किया जाएगा|

☆उपर्युक्त मासिक वेतन के अलावा किसी भी प्रकार का अन्य भत्ता देय नहीं होगा |

**नोट:-** निगम में 2 साल कार्यकाल पूरा होने के बाद विशेषाधिकार के रूप में यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता,आवास भत्ता आदि नियमानुसार दिया जाएगा।

## 3. आयु सीमा :-

| क्र.स. | पदनाम | आयु सीमा ( वर्षो में) |
|---|---|---|
| 1. | पशुधन फार्म निवेश अधिकारी | 21-45 |
| 2. | पशुधन फार्म निवेश सहायक | 21-40 |
| 3. | पशुधन फार्म संचालन सहायक | 18-40 |

**नोट :- आयु सीमा की गणना आवेदन करने की दिनांक के अनुसार की गयी है |**

## 4. आवेदन शुल्क :-

| क्र.स. | पदनाम | वर्ग | आवेदन शुल्क(रुपयों में)☆ |
|---|---|---|---|
| 1. | पशुधन फार्म निवेश अधिकारी | सभी वर्गों के लिये | 944/- |
| 2. | पशुधन फार्म निवेश सहायक | सभी वर्गों के लिये | 826/- |
| 3. | पशुधन फार्म संचालन सहायक | सभी वर्गों के लिये | 708/- |

☆ भारत सरकार के नियमानुसार आवेदन शुल्क में 18% GST शामिल है |

☆ निगम निजी क्षेत्र में पब्लिक लिमिटेड कम्पनी है आवेदन शुल्क सभी वर्गो के लिये समान है किसी भी प्रकार की छूट नहीं है |

☆ आवेदन शुल्क की राशि अप्रतिदेय अर्थात वापसी देय नहीं है |

☆ पहले से निगम में कार्यरत कर्मचारी/ अधिकारी निगम की पूर्व अनुमति से आवेदन के पात्र होंगे |

## 5. पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र.स. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | पशुधन फार्म निवेश अधिकारी | • भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय/ संस्था से किसी भी विषय में स्नातक \| |
| 2. | पशुधन फार्म निवेश सहायक | • भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से 12वीं उत्तीर्ण \| |
| 3. | पशुधन फार्म संचालन सहायक | • भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से 10वीं उत्तीर्ण \| |

**अन्य योग्यताऐं :-**

1) **स्वास्थ्य** - निगम में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवार अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का होना चाहिए |
2) **चरित्र** - निगम में सीधी भर्ती के लिए आवेदक का चरित्र अच्छा / उत्तम होना चाहिए |

**विशेष**:- उपर्युक्त योग्यता रखने वाले उम्मीदवार इस भर्ती के लिये आवेदन कर सकते है, उम्मीदवार को चुनाव किए गए क्षेत्र में ही नियुक्ति का अवसर प्रदान किया जाएगा |

## 6. आवेदन अंतिम तिथि :-

दिनांक 12 मार्च 2025 रात्रि 12:00 बजे तक |

## 7. आवेदन प्रक्रिया :-

1.ऑनलाइन आवेदन के लिये निगम की वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com/ पर जाये तथा Apply Online पर क्लिक करें |

2. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विस्तृत विज्ञापन (Vacancy PDF) / नियम व शर्तों को डाउनलोड कर सभी जानकारियों को आवश्यक रूप से पढ़े।

3. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व स्कैन की हुई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर (फोटो छः माह से ज़्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) तैयार रखें |

4. ऑनलाइन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी आवश्यक रूप से भरे |

**<u>नोट</u> :- आवेदक को सलाह दी जाती है कि ई - मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर स्वयं का भरे |**

**5.** ऑनलाइन भुगतान :- आवेदन शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड , क्रेडिट कार्ड, UPI, वॉलेट और नेट बैंकिंग से किया जा सकता है | आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदक कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें |

6. आवेदक को सलाह दी जाती है कि वह आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क की रसीद का प्रिंट लेकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखें | आवेदन पत्र को निगम के कार्यालय में भिजवाना आवश्यक नहीं है |

7. उपरोक्त भर्ती से सम्बंधित सभी सूचनायें निगम द्वारा ई - मेल आई डी के माध्यम से आवेदक को भेजी जायेगी | अतः आवेदक अपनी ई-मेल आई डी (स्वयं की) पूर्ण एवं सही लिखे | गलत पता एवं गलत ई - मेल आई डी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

## 8. <u>चयन प्रक्रिया :-</u>

(क).सर्वप्रथम अंतिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों की जाँच की जायेगी |

**विशेष:-** आवेदक आवेदन पत्र में स्वयं का मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी भरें | गलत मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा |

(ख) आवेदन पत्र प्राप्ति के पश्चात् फॉर्म में भरी गयी जानकारी के आधार पर ऑनलाइन परीक्षा (Online Exam) की सूचना आपकी रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर भेजी जाएगी | **ऑनलाइन परीक्षा की तिथि व समय विज्ञापन की अंतिम तिथि से एक माह के बाद आवेदक की रजिस्टर्ड ई मेल पर भेजी जायेगी |**

(ग) ऑनलाइन परीक्षा में सफल रहे आवेदकों को ई-मेल के द्वारा कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र भेजा जायेगा, जिसे आवेदक द्वारा 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटेरी करवाकर डाक के माध्यम से निगम के पते पर भेजना होगा। उपरोक्त दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर साक्षात्कार नहीं लिया जायेगा व आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा |

**विशेष :-** निगम द्वारा कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र भेजे जाने सम्बंधित ई-मेल में दिए गये सभी निर्देशों को आवेदक द्वारा अच्छी तरह पढ़ एवं समझ कर कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र को 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटेरी करवाकर निगम कार्यालय में अंतिम तिथि तक भेजना आवश्यक है यदि किसी आवेदक द्वारा गलत व अपूर्ण घोषणा पत्र भेजा जाएगा तो, गलत व अपूर्ण घोषणा पत्र को निगम द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा व साक्षात्कार की सूचना नहीं भेजी जायेगी |

(घ) जिन आवेदकों द्वारा निगम से भेजा गया कार्य के सम्बन्ध में घोषणा पत्र 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटेरी करवाकर निगम कार्यालय में भेजा जायेगा केवल उन्ही आवेदकों को साक्षात्कार के लिये ईमेल के माध्यम से बुलावा भेजा जायेगा | साक्षात्कार के समय आवेदक को पद के अनुसार मूल शैक्षणिक दस्तावेज, पहचान पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र व इन सभी की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी |

(ड़) साक्षात्कार में सफल रहने वाले आवेदकों को कार्यशैली, रिपोर्टिंग व अन्य आवश्यक जानकारी के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसकी सूचना निगम द्वारा आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर दी जायेगी | यह प्रशिक्षण जयपुर /लखनऊ में होगा जिसके लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा | प्रशिक्षण में होने वाला शेष व्यय निगम द्वारा वहन किया जायेगा |

(च) अंतिम रूप से चयनित सभी आवेदकों को निगम द्वारा 2.5 लाख रु. का दुर्घटना बीमा निःशुल्क किया जायेगा |

| क्र.स. | पदनाम | लिखित परीक्षा | साक्षात्कार परीक्षा | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पशुधन फार्म निवेश अधिकारी | 50 अंक | 50 अंक | 100 अंक |
| 2. | पशुधन फार्म निवेश सहायक | 50 अंक | 50 अंक | 100 अंक |
| 3. | पशुधन फार्म संचालन सहायक | 50 अंक | 50 अंक | 100 अंक |

- आवेदक द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिये दोनों में अलग अलग 50% अंक लाना अनिवार्य है |
- ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस व ऑनलाइन परीक्षा की विस्तृत जानकारी साथ में संलग्न है | आवेदक इसको ध्यानपूर्वक पढ़े व उसी अनुसार तैयारी करें |

## 9. सामान्य जानकारी :-

1. भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड एक निजी क्षेत्र की पब्लिक लिमिटेड कंपनी है जिसकी स्थापना सन 2009 में की गयी थी |
2. निगम के बारे में अधिक जानकारी के लिये निगम की आधिकारिक वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com पर जाये, अथवा निगम के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल व यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें | अन्य किसी माध्यम से प्राप्त की गयी जानकारी के लिये भारतीय पशुपालन निगम जिम्मेदार नहीं होगा | निगम हेल्पलाइन न. 0141- 2202271, 9351899199 (सोमवार से शनिवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक )
3. प्रत्येक पद हेतु आवेदन अलग - अलग करने होंगे |
4. आवेदन शुल्क की राशि अप्रतिदेय है अर्थात वापसी देय नहीं है |
5. किसी भी पद के लिए किये गए आवेदन को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है | इस हेतु आवेदनकर्ता का कोई भी आपत्ति मान्य नहीं है |
6. निगम द्वारा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे | अपूर्ण रहे आवेदनों को निगम द्वारा अस्वीकार कर सुचना ई-मेल आई डी अथवा डाक से भेजी जाएगी, एवं आवेदन निरस्त कर अन्य अवसर नहीं दिया जायेगा | आवेदन पत्र में ई-मेल आई डी (स्वयं की) लिखना अनिवार्य है | आवेदक द्वारा गलत ई-मेल आई डी लिखना अथवा निगम द्वारा भेजी गई ई- मेल को नहीं पढ़ने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी, एवं इस सम्बन्ध में निगम द्वारा कोई भी वाद- विवाद स्वीकार नहीं किया जायेगा |
7. उपरोक्त भर्ती से सम्बंधित सभी सूचनायें निगम द्वारा डाक अथवा ई - मेल आई डी के माध्यम से आवेदक को दी जायेगी | अतः आवेदक आपकी डाक का पता एवं ई - मेल आई डी (स्वयं की) पूर्ण एवं सही लिखे | गलत पता एवं गलत ई - मेल आई डी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |
8. निगम द्वारा आवेदक को इस भर्ती से सम्बंधित सारी सूचनायें आवेदक के द्वारा लिखी गयी ईमेल आईडी पर ही भेजी जायेगी। आवेदक सूचना के लिये अपनी ईमेल आईडी के INBOX व SPAM BOX को चेक करें। साथ निगम की वेबसाइट https://bharatiyapashupalan.com के न्यूज़ एवं इवेंट पर भी सूचना को चेक करें।

## 10. डेयरी फार्म निवेश प्रोत्साहन हेतु सामान्य जानकारी :-

**आपके द्वारा डेयरी फार्म में निवेश हेतु प्रोत्साहित होकर निवेश करने वाले व्यक्तियों के लिये नियम व शर्ते |**

- आपके द्वारा डेयरी फार्म में निवेश हेतु प्रोत्साहित होकर निवेश करने वाले व्यक्ति के साथ निगम द्वारा न्यूनतम 36 माह का एक अनुबंध किया जायेगा |
- एक भैस अथवा गाय हेतु राशि का निवेश करने 36 माह में निवेश राशि का दोगुना वापस दिया जायेगा |
- सारा व्यवहार ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा अतः निवेशक का बैंक खाता होना आवश्यक होगा |

- निवेश राशि का lockin period 36 माह का होगा |
- भैंस और गाय की सम्पूर्ण देखभाल की जिम्मेदारी फार्म की होगी |

## 11. <u>राष्ट्रीय पशुधन निवेश एवं संवर्धन योजना</u> :-

यह योजना भैंस व गौ पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के माध्यम से पशुधन उद्योग को वित्तीय व तकनीकी रूप से मजबूती मिलेगी। यह योजना निगम द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अलग अलग चरणों के माध्यम से प्रत्येक राज्य में शुरू की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य आम व्यक्ति को पशुधन संवर्धन में निवेश एवं पशुधन उद्यम हेतु भैंस और गाय पालन से दूध व्यवसाय में जोड़ना है ताकि वे पशुपालन के क्षेत्र में व्यवसायिक अवसरों का वित्तीय लाभ उठा सकें।

इस योजना के अंतर्गत आम व्यक्ति द्वारा किये गए निवेश के द्वारा BPNL फार्म से उन्नत नस्ल की मुर्रा भैंसो व गिर नस्ल की गायों की खरीद, डेयरी फार्म पर उनकी सम्पूर्ण तरीके से देखभाल और दूध उत्पादन जैसे कार्यो हेतु डेयरी फार्म स्थापित किये जायेगे | इस योजना को अलग अलग चरणों में ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर शुरू किया जायेगा।

इस योजना में निवेश करने वाले व्यक्ति को निवेश राशि का रीपेमेंट अच्छे रिटर्न के साथ नियम एवं शर्तो के अनुसार निगम द्वारा किया जायेगा। जिसके लिए डेयरी फार्म में निवेश करने वाले व्यक्ति व निगम के मध्य एक अनुबंध हस्ताक्षरित किया जायेगा।





BPNL
उन्नत पशुपालन, उन्नत भारत